एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# अदा शर्मा ने खुद ही उड़ाया सोशल मीडिया पर अपना मजाक



इंस्टाग्राम पर अपने नए-नए टैलंट से जुड़े विडियो पोस्ट कर फैन्स को हैरान करते रहने वाली ऐक्ट्रेस अदा शर्मा ने एक बार फिर लोगों को चौंकाया है। हालांकि, इस बार वजह उनका टैलंट नहीं बल्कि खुद का मजाक उड़ाना है। वैसे यह उनका ट्रोल्स को जवाब देने का एक शानदार तरीका भी है।

दरअसल, एक अवॉर्ड फंक्शन में अदा न्यूजपेपर प्रिंट वाली ड्रेस पहनकर गई थीं। इस यूनीक ड्रेस में वह हमेशा की तरह खूबसूरत ही लग रही थीं। हालांकि ट्रोल्स ने इस मौके को अपने हाथ से नहीं जाने दिया और ऐक्ट्रेस को तरह-तरह के मीम्स बनाते हुए जमकर ट्रोल किया। इसका अब ऐक्ट्रेस ने अपने ही अंदाज में जवाब दिया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर खुद ही अपने मीम्स शेयर किए और तंजभरे अंदाज में लिखा उसे टैग करें जिसे मीम्स या न्यूजपेपर ड्रेस या अखबार पढ़ना पसंद है। मेरे फैशन चॉइस पर इतना प्यार दिखाने के लिए आपका बहुत-बहुत शुक्रिया। इन मीम्स के कारण मेरा वीकेंड बहुत अच्छा रहा। इसने मुझे मोटिवेट किया कि मैं और भी क्रेजी स्टफ ट्राई करूं। मैं आपके सभी मीम्स इंस्टाग्राम की एक पोस्ट में फिट नहीं कर सकती क्योंकि इंस्टाग्राम में एक बार में सिर्फ 10 मीम्स ही ऐड किए जा सकते हैं। शायद फिर कभी किसी पोस्ट में और मीम्स पोस्ट करूं। ये मीम्स बेहद फनी हैं। ट्रोल्स पर इस तंज के बाद अदा ने एक सीरियस मेसेज भी पोस्ट किया और लड़कियों से अपील की कि वह जैसे चाहे कपड़े पहनें और इस बात पर ध्यान न दें कि कौन क्या कह रहा है। मेरी न्यूजपेपर ड्रेस पर प्यार दिखाने के लिए शुक्रिया। कई लोग मुझसे सवाल कर रहे हैं कि मैंने रेड कार्पेट के लिए यह ड्रेस क्यों चुनी। मैं कई लड़कियों से मिलती हूं जिन्हें मेरी स्टाइल पसंद है। कुछ का मानना है कि खूबसूरत दिखने के लिए महंगे कपड़े खरीदना जरूरी है। हर लड़की की तरह मुझे भी फैंसी गाउन्स पसंद हैं, लेकिन इस ड्रेस के साथ मैं यह दिखाना चाहती थी कि आपका अगर खुद पर विश्वास है तो आप किसी भी तरह के कपड़ों में ग्लैमरस लगेंगी। मैं उम्मीद करती हूं कि मेरी ड्रेस लड़कियों को इंस्पायर करेगी कि वह जैसी चाहे वैसी स्टाइल कैरी करें और दूसरे क्या सोचेंगे इसके कारण खुद को दबाव में न आने दें। उन्होंने आखिर में लिखा, आज जो स्टाइल में है वह कल आलोचना का शिकार हो सकता है इसलिए फैशन को बस इंजॉय करते रहें।



# सारा अली खान ने बदला लुक, ब्लू-ग्रीन हाइलाइट्स में दिखीं कूल

सारा अली खान बहुत चार्मिंग हैं, यह बात उनके डैड सैफ अली खान भी मानते हैं। अच्छी ऐक्ट्रेस होने के साथ वह काफी मीडिया फ्रेंडली हैं। इतना ही नहीं वह जब भी घर से निकलती हैं, इंटरनेट पर छा जाती हैं।

अब हाल ही में उन्हें देखा गया सोनचिड़िया की स्क्रीनिंग पर, जहां वह अलग लुक में नजर आईं। सारा के बाल वेवी और इन पर ब्लू-ग्रीन हाइलाइट्स नजर आ रहे थे। वैसे हाल ही मं उन्हें सलून से आते हुए देखा गया था। इस दौरान उनकी मॉम अमृता सिंह भी साथ थीं तो यह माना जा सकता है कि उन्होंने यह लुक अपनी मॉम से पूछकर ही चेंज किया है।

इंट्रेस्टिंग बात यह है कि अमृता सिंह भी अपने जमाने में ट्रेंड सेटर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक इंटरव्यू के दौरान जब अमृता से पूछा गया कि क्या वह सारा के फैशन सेंस पर रोक-टोक करती हैं तो उनका जवाब था कि सारा इंडस्ट्री की बेहतरीन ड्रेस्ड ऐक्ट्रेसस में से एक हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि उन्हें खुशी है कि उनके बच्चे बड़ों का आदर करते हैं लेकिन उनका खुद का दिमाग भी है।

# हवा में उड़ दिशा पाटनी ने मारी ऐसी किक कि फैन्स भी रह गए दंग

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



बॉलिवुड की हॉट अदाकारा दिशा पाटनी इन दिनों फुल ऑन ऐक्शन में नजर आ रही हैं। दिशा ट्रेनर से फाइटिंग स्किल्स सीख रही हैं, जिससे जुड़े विडियो वह इंस्टाग्राम पर भी फैन्स के साथ शेयर करती हैं। हाल ही में उन्होंने एक और विडियो साझा किया जिसे देख फैन्स भी दंग रह गए।

शेयर हुए विडियो में दिशा कैजुअल अवतार में दिख रही हैं। करीब पांच सेकंड के इस शॉर्ट विडियो क्लिप में दिशा स्पिन करते हुए दमदार किक मारती नजर आ रही हैं। हवा में उड़ उन्होंने जो शानदार किक मारी उससे उनके ट्रेनर भी इंप्रेस हुए।

दिशा ने इस विडियो के साथ फैन्स को बताया कि वह इन दिनों स्लैप, स्पिन और टॉर्नेडो किक स्टाइल सीख रही हैं। विडियो में भी वह इसी स्टाइल को करती दिख रही हैं। फैन्स को दिशा का यह ऐक्शन अवतार इतना पसंद आया कि उन्होंने धड़ाधड़ मेसेज पोस्ट कर ऐक्ट्रेस की जमकर तारीफ की।

बता दें कि, दिशा पाटनी जल्द ही फिल्म भारत में नजर आएंगी। इस फिल्म में सलमान खान लीड रोल में हैं। कटरीना कैफ भी फिल्म में अहम भूमिका निभाती दिखेंगी। दिशा इस फिल्म में ऐक्शन सीन्स के लिए ही इन दिनों फाइटिंग स्किल्स की ट्रेनिंग ले रही हैं।

# सुपर डांसर के सेट इमोशनल हुईं भूमि पेडणेकर

ऐक्टर सुशांत सिंह राजपूत और भूमि पेडणेकर की फिल्म 'सोनचिड़िया जल्द ही रिलीज होने वाली है। फिल्म के स्टार इन दिनों प्रमोशन में बिजी हैं। प्रमोशन के सिलसिले में सुशांत सिंह और भूमि डांस रिऐलिटी शो सुपर डांसर चैप्टर 3' में पहुंचे थे। लेकिन वहां कुछ ऐसा हो गया कि भूमि को अपने ननिहाल जयपुर की याद आ गई। सुपर डांसर का यह एपिसोड दादा-दादी और नाना-नानी को डेडिकेटेड है। जयपुर के 12 साल के गौरव सरवन के परफॉर्मेंस को देखकर भूमि को उनके ननीहाल की याद आ गई। सभी के ग्रैंडपैरंट्स शूटिंग के दौरान मौजूद थे और शानदार परफॉर्मेंस देख कर खुश थे। लेकिन गौरव की नानी की तबीयत ठीक नहीं थी इसलिए वह नहीं आ पाईं। लेकिन गौरव के लिए एक बहुत ही सुंदर सा संदेश भेजा था। संदेश मिलने से गौरव काफी खुश था, लेकिन भूमि बहुत ही इमोशनल हो गईं। भूमि ने कहा, 'आपकी दादी के इस संदेश को देखते हुए, मुझे अपने ननिहाल (नाना-नानी के घर) की याद आ रही है, जोकि जयपुर में हैं। मेरी नानी भी बहुत प्यार करने वाली और केयरिंग हैं। मेरे पास जयपुर की खूबसूरत यादें हैं, क्योंकि मैंने सभी छुट्टियां वहीं बिताई है। ठीक उसी तरह जैसे आप अपने पिता को भाई कहते हैं, मैं अपनी मां को भाई कहती हूं। भूमि ने यह भी कहा कि दादा-दादी का होना एक आशीर्वाद है। उन्होंने बताया कि उनके नाना अभी भी उनके साथ रहते हैं। भूमि ने कहा कि घर पहुंचना और दिन के अंत में अपने नाना के मुस्कुराते हुए चेहरे को देखना सबसे खूबसूरत एहसास है।